देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 19 अंकः 196 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

# पेज श्री

देहरादून, रविवार, 10 नवंबर 2024

विचार–प्रवाह...
बड़े व्यक्तित्व की जरूरत





मौसम अधिकतम 25.0° न्यूनतम 17.0°

79924.77

2 अब क्या करेंगी कमला हैरिस ?

7 कुछ भी हो जाए तू ही ओपनिंग करेगा

# उत्तराखण्ड में चल रहा विकास का महायज्ञः पीएम

संवाददाता

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य स्थापना दिवस पर उत्तराखंडवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार के युग में उत्तराखंड में विकास का महायज्ञ चल रहा है। उन्होंने प्रदेश की धामी सरकार की प्रशंसा करते हुए, राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए प्रदेशवासियों और यहां आने वाले पर्यटकों से नौ आग्रह भी किए हैं।

शनिवार को पुलिस लाइन में आयोजित पुलिस रैतिक परेड को वीडियो संदेश के जरिए संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज से उत्तराखंड का रजत जयंती वर्ष शुरु हो रहा है, अब हमें उत्तराखंड के उज्जवल भविष्य के लिए अगले 25 वर्ष की यात्रा शुरू करनी है। उन्होंने कहा कि यह सुखद संयोग है कि देश भी 25 वर्षों के लिए अमृत काल में है, विकसित भारत के लिए विकसित उत्तराखंड के संकल्प को इसी कालखंड में पूरा होते देखेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी दो दिन पहले ही प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन का भी सफल आयोजन हुआ है, उन्हें पूरा विश्वास है कि हमारे प्रवासी उत्तराखंडवासी राज्य के विकास यात्रा में ऐसी ही बड़ी भूमिका निभाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के लोगों को अपनी आशाओं, आकांक्षाओं के अनुरूप अलग राज्य प्राप्त करने के लिए लंबे समय तक प्रयास करना पड़े, यह प्रयास तब पूरे हुए, जब केंद्र में श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में सरकार बनी। बेहद खुशी की बात है कि अब हम सब उत्तराखंड को अपने सपनों को साकार करते हुए देख पा रहे हैं।

पीएम ने जोर देकर कहा कि इस समय एक तरह से उत्तराखंड में विकास का महायज्ञ चल रहा है, इससे पलायन पर रोक लग रही है। सरकार विकास के साथ विरासत को भी संजोने में जुटी हुई है। केदारनाथ धाम का भव्य और दिव्य पुनर्निर्माण किया जा रहा है, बदरीनाथ मास्टर प्लान के कार्य तेजी के साथ चल रहे हैं। इसी तरह मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत पहले चरण में 16 पौराणिक मंदिरों को विकसित किया जा रहा है। ऑल वेदर रोड से चारधाम यात्रा को सुगम किया जा रहा है, पर्वत माला के तहत धार्मिक और पर्यटन स्थलों को रोपवे से जोड़ा जा रहा है। हम भी इसी भावना के साथ देवभूमि की सेवा करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे है।

## प्रधानमंत्री ने उत्तराखंडवासियों को राज्य स्थापना दिवस की दी शुभकामना

### उत्तराखंड की नीतियां देश के लिए उदाहरण बन रही : प्रधानमंत्री

पीएम ने कहा कि उत्तराखंड ऐसे निर्णय ले रहा है, जो देश के लिए उदाहरण बन रहे हैं। उत्तराखंड ने गहन अध्ययन के बाद यूसीसी लागू किया, जिसे वो सही मायने में सैकुलर सिविल कोड मानते हैं। युवाओं का भविष्य सुरक्षित करने के लिए नकल विरोधी कानून लागू करते हुए, माफिया पर सख्त कार्रवाई की है। उत्तराखंड के ऐसे कई कार्य दूसरे राज्यों के लिए उदाहरण बन रहे हैं।



### प्रधानमंत्री ने किए नौ आग्रह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि 9 का अंक शुभ माना जाता है, यह शक्ति का प्रतीक होता है। इसलिए वो उत्तराखंड के लोगों से 9 आग्रह करना चाहते हैं। पहला बोली भाषा का संरक्षण बेहद जरूरी है। दूसरा एक पेड़ मां के नाम लगाकर प्रकृति की रक्षा करें। तीसरा पानी की स्वच्छता के सभी अभियानों को गति देने का प्रयास करेंगे। चौथा अपने गांव से जुड़ाव रखें। पांचवा तिबारी वाले घरों को संवारें। छठा सिंगल यूज प्लास्टिक से बचें। सातवां वोकल फॉर लोकल याद रखें। आठवा यातायात के नियम अपनाएं। आखिरी तीर्थों की मर्यादा का पालन करें।

### डबल इंजन सरकार का सही अर्थ उत्तराखंड में नजर आ रहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उत्तराखंड में 2014 से पहले पांच प्रतिशत से कम घरों में नल से जल आता था, आज यह बढ़कर करीब 96 प्रतिशत हो गया है। 2014 से पहले उत्तराखंड में सिर्फ छह हजार किमी की पीएमजीएसवाई सड़क बनी थी, आज इन सड़कों की लंबाई 20 हजार किमी से अधिक हो गई है। उत्तराखंड ने लाखों शौचालयों का निर्माण करने के साथ ही हर घर बिजली और उज्जवला गैस योजना के तहत लाखों गैस कनेक्शन देकर हर वर्ग का ध्यान रखा है। डबल इंजन सरकार का सही अर्थ उत्तराखंड में नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड को केंद्र से मिलने वाला अनुदान अब दोगुना हो गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### कोलकाता की सड़कों पर डॉक्टरों का प्रदर्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में डॉक्टर एक बार फिर सड़कों पर उतरे हैं और आरजी कर कांड की पीड़िता के लिए न्याय की मांग की है। जूनियर डॉक्टरों ने बलात्कार और हत्या की शिकार महिला के लिए न्याय की मांग करते हुए शनिवार को कोलकाता में रैली निकाली। यह रैली आर जी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की घटना के तीन महीने पूरे होने पर निकाली गई।

### पाकिस्तान दौरे के लिए भारत सरकार ने नहीं दी अनुमति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** नई दिल्ली। भारतीय टीम पाकिस्तान दौरे पर जाएगी या नहीं? अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन होना है, लेकिन आईसीसी ने अब तक वेन्यू का एलान नहीं किया है। इस बीच एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि बीसीसीआई ने आईसीसी को इसकी सूचना दे दी है कि प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए भारत पड़ोसी मुल्क का दौरा नहीं करेगा।

# दलित–आदिवासी एकता से समर्थन आधार खो रही कांग्रेस

## नांदेड़ में चुनावी रैली में गरजे पीएम मोदी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नांदेड़। महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य के दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री ने शनिवार को नांदेड़ में चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, आज पूरे महाराष्ट्र में महायुति और भाजपा के पक्ष में लहर है। आज देश विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहा है और देश की जनता जानती है कि भाजपा और उसके सहयोगी दल इसके लिए गंभीरता से काम कर रहे हैं। यही वजह है कि जनता बार–बार भाजपा और एनडीए सरकार को चुन रही है।

प्रधानमंत्री ने आगे कहा, आज मैं डबल ड्यूटी कर रहा हैं। सबसे पहले मैं मोदी के लिए मदद मांग रहा हूं और दूसरा महाराष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए। हरियाणा चुनाव में भाजपा को इतिहास में सबसे ज्यादा वोट मिले। अब महाराष्ट्र की जनता भी इतिहास दोहराने जा रही है। पिछले दो दिनों में मैं महाराष्ट्र में जहां भी गया, सभी के मन में यही बात थी कि लोकसभा में जो कमी थी, इस बार विधानसभा में उसे मजबूती से पूरा करना है। लोग कह रहे हैं कि विकसित महाराष्ट्र के लिए महायुति सरकार चाहिए। महाराष्ट्र ने लंबे समय तक कांग्रेस और उसके पापों का प्रकोप झेला है।

मोदी ने आगे कहा, दलितों और आदिवासियों की एकता के कारण कांग्रेस पिछले कुछ वर्षों से अपना समर्थन आधार खोती जा रही है। कांग्रेस के लोग भारत का संविधान शीर्षक वाली एक लाल किताब दिखा रहे हैं, जिसके अंदर खाली पन्ने हैं। यह बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रति कांग्रेस की उपेक्षा और नफरत का प्रमाण है।

उन्होंने आगे कहा, महाराष्ट्र में भाजपा और महायुति के समर्थन में लहर है। आज हर किसी की जुबान पर एक ही नारा है– भाजपा–महायुति आहे, तार गति आहे।

### कांग्रेस के लोगों को अनुच्छेद 370 से इतना प्यार क्यों?

कश्मीर में अनुच्छेद 370 को बहाल करने की विपक्षी पार्टी की मांग का जिक्र करते हुए मोदी ने पूछा, कांग्रेस के लोगों को अनुच्छेद 370 से इतना प्यार क्यों है? कांग्रेस के इस मूर्खतापूर्ण और दुर्भाग्यपूर्ण सियासी खेल से पूरा देश सदमे में है।

# हम नफरत को मोहब्बत से हराकर दिखाएंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जमशेदपुर। झारखंड के जमशेदपुर में कांग्रेस की चुनावी रैली को संबोधित करने पहुंचे कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र सरकार से तीखे सवाल पूछे। उन्होंने जनसभा में मौजूद लोगों से पूछा, श्पीएम मोदी ने आपके बच्चों का कितना कर्ज माफ किया?श कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता ने खुद इसका जवाब भी दिया। उन्होंने कहा, सरकार ने एक भी रुपया माफ नहीं किया। उन्होंने अरबपति कारोबारियों– अडानी और अंबानी का नाम लेकर कहा कि सरकार ने इन जैसे 25 लोगों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया।

जमशेदपुर की जनसभा में राहुल ने भाजपा पर नफरत फैलाने के आरोप भी लगाए। उन्होंने कहा, श्नफरत को नफरत से नहीं मिटाया जा सकता है। नफरत को सिर्फ मोहब्बत से मिटाया जा सकता है। हम नफरत को मोहब्बत से हराकर दिखाएंगे। राहुल गांधी ने घोषणा पत्र के वादे भी दोहराए। झारखंड सरकार लोगों को 15 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज भी कराएगी।

### निशाना

■राहुल गांधी टाटा नगर में बीजेपी पर बरसे

### महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये देगी

कांग्रेस नीत विपक्षी गठबंधन–इंडिया ने तय किया है कि जितना पैसा इन लोगों ने अरबपतियों को दिया है, उतना पैसा हम आपके बैंक खाते में डालेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद, इंडिया ब्लॉक की सरकार झारखंड की महिलाओं के बैंक खाते में हर महीने 2500 रुपये डालेगी। उन्होंने अपने लोकप्रिय अंदाज में कहा, 1 जनवरी, फरवरी, मार्च, अप्रैल, मई, जून, जुलाई, अगस्त और सितंबर को आपके बैंक खाते में 2500 रुपये आएंगे खटा–खट, खटा–खट।


Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# प्रदूषण रोकने में जुटेंगे 10 हजार सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने शनिवार को कहा कि लगभग 10,000 सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स अगले हफ्ते से चार महीने के लिए काम पर लौट आएंगे। इन्हें पिछले साल बस मार्शल के पद से हटा दिया गया था। इन्हें प्रदूषण रोकने के उपायों को लागू करने के लिए तैनात किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने इस आशय के एक प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। सोमवार से सीडीवी को कॉल आउट नोटिस जारी किए जाएंगे और फिर वे मंगलवार और बुधवार को संबंधित जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय में पंजीकरण शुरू कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्रेशन के दो–तीन दिनों के भीतर सीडीवी को प्रदूषण हॉटस्पॉट के प्रबंधन, धूल प्रदूषण और कचरा जलाने को रोकने जैसे कामों के लिए तैनात किया जाएगा।

सीएम ने आरोप लगाया कि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सीडीवी को 2018 में तत्कालीन केजरीवाल सरकार द्वारा बस मार्शल के रूप में तैनात किया गया था, लेकिन भाजपा ने एक साजिश के तहत उन्हें अक्टूबर 2023 में हटा दिया था।

■ दिल्ली सरकार ने प्रस्ताव को किया पास

## न्यूज डायरी



### चुनाव हारने के बाद अब क्या करेंगी कमला हैरिस?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप से हार गईं। इसके बाद उन्होंने अल्मा मेटर हॉवर्ड विश्वविद्यालय में एक भीड़ को संबोधित किया। संबोधन के दौरान उन्होंने उस लड़ाई को जारी रखने की कसम खाई जिसने अमेरिकी चुनाव के लिए उनके अभियान को बढ़ावा दिया। अब चुनाव परिणाम के बाद हैरिस को लेकर सवाल उठ रहे हैं कि वे आगे क्या करेंगी। 60 साल की कमला हैरिस 72 दिनों में पद छोड़ देंगी और जहां तक उनके राजनीतिक करियर का सवाल है, उन्होंने तत्काल किसी योजना की घोषणा नहीं की है। वो जल्द ही इस बारे में बताएंगी। पूर्व डेमोक्रेटिक उम्मीदवार के सामने सबसे स्पष्ट विकल्प समय लेना और 2028 में एक और बोली के लिए तैयारी करना है। अतीत से कुछ उदाहरण हैं। 2004 के उम्मीदवार जॉन केरी, जॉर्ज बुश से हार गए लेकिन उसके बाद राजनीतिक परिदृश्य से पूरी तरह गायब नहीं हुए। उन्होंने बराक ओबामा के दूसरे कार्यकाल में राज्य सचिव के रूप में कार्य किया है। जॉन केरी की तरह, राज्य की राजनीति में लौटना और फिर से गति बनाना एक विकल्प है। हालांकि, हैरिस की राह आसान नहीं दिख रही है। लंबे समय से डेमोक्रेट डोनर मार्क ब्यूएल ने अपने गृह राज्य में कई लोगों की तरफ से शेयर की गई निराशा व्यक्त की। न्यूयॉर्क टाइम्स ने उनके हवाले से कहा, हर कोई तबाह हो गया है।

### उत्तर कोरिया ने अब दक्षिण कोरिया पर किया जीपीएस जैमिंग हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सियोल। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने दक्षिण कोरिया पर जीपीएस जैमिंग अटैक किया है। दक्षिण कोरिया का कहना है कि जीपीएस अटैक से कई सैन्य और नागरिक विमानों पर असर पड़ा है। उत्तर कोरिया ने शुक्रवार और शनिवार को दो बार जीपीएस सिग्नल को बाधित किया। पिछले कुछ समय से उत्तर और दक्षिण कोरिया के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। इससे पहले किम जोंग कचरे से भरे गुब्बारे दक्षिण कोरिया में छोड़ चुके हैं। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा कि शुक्रवार और शनिवार को पश्चिमी सीमावर्ती शहर केसोंग और हेजू के नजदीक जीपीएस सिग्नल में उत्तर कोरिया ने हेराफेरी की है। उत्तर कोरिया की इस हरकत ने दर्जनों नागरिक विमानों और कई जहाजों को बाधित किया है। दक्षिण कोरिया ने अपने पश्चिमी सीमा क्षेत्र में विमानों और जहाजों को अलर्ट रहने की चेतावनी जारी की है। दक्षिण कोरिया ने कहा, ष्हम उत्तर कोरिया से जीपीएस हस्तक्षेप की उकसावे वाली हरकतों को तुरंत बंद करने की अपील करते हैं। सख्त चेतावनी भी देते हैं कि इसके परिणामस्वरूप होने वाले घटना के लिए उत्तर कोरिया पूरी तरह से जवाबदेह ठहराया जाएगा।

### इजरायल के दुश्मन हमास का छिन जाएगा आखिरी ठिकाना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच कतर ने गाजा के चरमपंथी संगठन हमास के नेताओं को देश छोड़ने को कह दिया है। दोहा के ऊपर इजरायली बंधकों को लेकर हमास से डील कराने को लेकर वॉशिंगटन ने दबाव बढ़ा दिया है। कतर ने हमास को ये चेतावनी तब दी है, जब कुछ दिन पहले ही अमेरिका ने कहा था कि आतंकवादी समूह के इजरायली बंधकों को रिहा करने के समझौते को अस्वीकार करने का मतलब है कि अब उसकी मौजूदगी श्स्वीकार्यश नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी अधिकारियों से चर्चा के बाद कतर ने चरमपंथी समूह को देश छोड़ने को कहा है। एक दशक से ज्यादा समय से हमास नेताओं की मेजबानी कर रहे खाड़ी देश की नीति में यह बड़ा बदलाव है। बीते साल इजरायल पर हमास के हमले के बाद गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से इजरायल और हमास के बीच बंधक वार्ता में दोहा एक महत्वपूर्ण मध्यस्थ रहा है। नाम न बताने की शर्त पर एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा, श्बंधकों को रिहा करने के बार–बार प्रस्तावों को खारिज करने के बाद इसके नेताओं का अब किसी भी अमेरिकी सहयोगी की राजधानी में स्वागत नहीं किया जाना चाहिए। हमने कतर को उसी समय यह बात स्पष्ट कर दी थी।

# जस्टिन ट्रूडो की जुबान से बाहर आ गया सच

**रिपोर्ट**

## पहली बार कनाडा में खालिस्तानियों की मौजूदगी की मानी बात

भारत विरोधियों के लिए सुरक्षित जगह बन गया है कनाडा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



ओट्टावा। भारत के साथ कूटनीतिक तनाव के बीच कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने पहली बार स्वीकार किया है कि उनके देश में खालिस्तानियों की मौजूदगी है। भारत लंबे समय से कनाडा के ऊपर भारत विरोधी चरमपंथियों को जगह देने की बात करता रहा है। कनाडाई प्रधानमंत्री ने एक अप्रत्याशित घटनाक्रम में देश के अंदर खालिस्तान समर्थक अलगाववादियों की मौजूदगी को स्वीकार तो किया लेकिन साथ ही यह भी कहा कि वे सभी सिख समुदाय का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। उन्होंने ओट्टावा के पार्लियामेंट हिल में दिवाली समारोह के दौरान यह टिप्पणी की थी।

ट्रूडो ने कहा, कनाडा में खालिस्तान के कई समर्थक हैं, लेकिन वे समूचे सिख समुदाय का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। कनाडा में मोदी सरकार के समर्थक हैं, लेकिन वे समग्र रूप से सभी हिंदू कनाडाई लोगों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। उसी तरह कनाडा में मोदी सरकार के समर्थक हैं, लेकिन वे समग्र रूप से सभी हिंदू कनाडाई लोगों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। कनाडा और भारत के संबंध उस समय खराब होने शुरू हो गए थे, जब ट्रूडो ने बीते साल आरोप लगाया था कि जून 2023 में ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में गुरुद्वारे के बाहर खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का हाथ था। भारत ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए खारिज किया और कनाडा से सबूतों की मांग की, जिसे ट्रूडो सरकार ने कभी नहीं दिया।

कनाडा और भारत के बीच पिछले महीने संबंध बहुत तनावपूर्ण हो गए, जब ट्रूडो सरकार ने कनाडा में भारत के उच्चायुक्त संजय वर्मा को हिंसा के मामले में पर्सन ऑफ इंटरेस्ट बताया। भारत ने इसे आपत्तिजनक बताते हुए अपने 6 राजनयिकों को वापस बुला लिया। इसके साथ ही कनाडा के 6 राजनयिकों को वापस जाने को कह दिया गया।

इसी सप्ताह की शुरुआत में खालिस्तान समर्थकों ने ब्रैम्पटन स्थित हिंदू सभा मंदिर में भक्तों के साथ मारपीट की थी। इस दौरान भारत के वाणिज्य दूतावास के कार्यक्रम को भी बाधित किया गया, जिसमें भारतीय और कनाडाई नागरिक शामिल हुए थे। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में खालिस्तान समर्थकों को डंडे और मुक्के से हिंदू भक्तों को मारते दिखाया गया था।

## डोनाल्ड ट्रंप को मारने की एक और साजिश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** वॉशिंगटन। अमेरिका के न्याय विभाग ने नव–निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की साजिश का खुलासा किया है। न्याय विभाग ने एक ईरानी व्यक्ति पर ट्रंप की हत्या की साजिश रचने के लिए आरोप तय किया है। आरोपों के अनुसार, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशरी गार्ड कोर के अधिकारियों ने इस व्यक्ति को डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की साजिश रचने के लिए हायर किया था। उसे अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले डोनाल्ड ट्रंप की हत्या का काम सौंपा गया था।

जांचकर्ताओं ने बताया कि आरोपी की पहचान फरहाद शकेरी के रूप में की गई है, जो एक ईरानी सरकारी कर्मचारी है। वह डकैती के मामले में अमेरिकी जेल में रह चुका है।

अधिकारियों ने बताया कि उसने निगरानी और भाड़े पर हत्या की साजिशों के लिए तेहरान के सहयोगियों का नेटवर्क बना रखा है। मैनहट्टन की संघीय अदालत में शिकायत के अनुसार, एफबीआई को इस योजना की जानकारी हो गई थी, जिसके बाद इसे नाकाम कर दिया गया। शकेरी के अनुसार, ट्रंप को मारने के लिए ईरानी अधिकारी ने कहा था कि पैसे के लिए चिंता करने की जरूरत नहीं है।



### क्वेटा रेलवे स्टेशन में आत्मघाती धमाके से लोगों के उड़े चीथड़े

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उत्तर पश्चिमी बलूचिस्तान में धमाका होने की बात सामने आई है। क्वेटा के रेलवे स्टेशन में हुए बम विस्फोट में 24 लोगों की मौत हो गई और 40 अन्य घायल हो गए। यह घटना बलूचिस्तान में अशांति की ताजा घटना है। मरने वालों का आंकड़ा अब बढ़कर 24 हो गया है। जानकारी के तहत यह विस्फोट रेलवे स्टेशन के बुकिंग कार्यालय में ट्रेन के प्लेटफॉर्म पर पहुंचने से ठीक पहले हुआ। स्टेशन पर हमेशा की तरह भीड़भाड़ के चलते बड़ी संख्या में लोगों के हताहत होने का अनुमान जताया गया है। पुलिस और बचावकर्मी विस्फोट स्थल पर पहुंच गए हैं। क्वेटा के सिविल अस्पताल में आपातकाल लागू कर दिया गया है और अतिरिक्त डॉक्टरों और सहायक कर्मचारियों को बुलाया गया है। कई घायलों की हालत गंभीर होने के कारण विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।

# शहबाज शरीफ पर वीपीएन इस्तेमाल करने का लगा आरोप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने राष्ट्रपति चुनाव जीतने पर डोनाल्ड ट्रंप को बधाई दी। मगर उनकी बधाई पर विवाद शुरू हो गया है। इसकी वजह यह है कि उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर डोनाल्ड ट्रंप को बधाई। मगर पाकिस्तान में मौजूदा समय में एक्स पर बैन लगा है। लोगों का कहना है कि जब प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगा है तो प्रधानमंत्री कैसे एक्स पर बधाई मैसेज पोस्ट कर सकते हैं?

शहबाज शरीफ ने पोस्ट में लिखा, राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को ऐतिहासिक जीत की बधाई! मैं पाकिस्तान–अमेरिका साझेदारी को और मजबूत व व्यापक बनाने के लिए आने वाले प्रशासन के साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हूं।

**पाकिस्तान में वीपीएन का इस्तेमाल करना गैर–कानूनी**

शहबाज शरीफ के पोस्ट के नीचे एक कम्युनिटी नोट भी आ रहा है। इसमें लिखा है कि पाकिस्तानी प्रधानमंत्री वास्तव में एक वीपीएन के माध्यम से प्लेटफॉर्म तक पहुंच रहे हैं। यह पाकिस्तान के कानूनी के अनुसार राष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन है। इसी साल पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार ने सुरक्षा कारणों से अपने देश में एक्स को बैन कर दिया था। मगर वीपीएन के माध्यम से लोग अब भी इस प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर रहे हैं। अब इंटरनेट मीडिया पर सवाल यह उठ रहा है कि क्या पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी वीपीएन का इस्तेमाल करके डोनाल्ड ट्रंप को जीत की बधाई दी है। सोशल मीडिया पर चर्चा है कि शहबाज शरीफ ने वीपीएन के माध्यम से डोनाल्ड ट्रंप को एक्स पर बधाई दी है। मगर पाकिस्तान में वीपीएन का इस्तेमाल करना गैर–कानूनी हैं और सजा का भी प्रावधान है।

पाकिस्तान ने एक्स पर बैन लगा रखा है। एक्स के मालिक उद्योगपति एलन मस्क हैं। डोनाल्ड ट्रंप की जीत में एलन मस्क ने अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने खुलकर ट्रंप का प्रचार किया और चंदा भी खूब दिया। अब सवाल यह उठ रहा है कि एक्स पर ट्रंप को दी गई शहबाज शरीफ की बधाई कहीं एलन मस्क को खुश करने की कोशिश तो नहीं है।

### नवाज शरीफ की तरह पाकिस्तान छोड़कर नहीं भागूंगा


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने किसी देश से शरण मांगने के दावों को खारिज करते हुए एक बार फिर कहा कि वह पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की तरह देश छोड़कर नहीं भागेंगे। रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के हाल ही में यह कहने के बाद अटकलें शुरू हो गईं कि खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) विदेशी शक्तियों से खान को रिहा कराने और उन्हें विदेश भेजने का आग्रह कर रही है। इमरान खान ने एक्स पर जारी बयान में कहा कि वह किसी भी कीमत पर देश नहीं छोड़ेंगे। जारी बयान में खान के हवाले से कहा गया है, मैं कभी देश छोड़कर नहीं भागूंगा। मेरा नाम स्थायी रूप से नो–फ्लाई सूची में डाल दीजिए। मैं कहीं नहीं जा रहा।

# Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# पीएम के नौ आग्रह हमारे लिए नौ संकल्पों के समान हैं: राज्यपाल

**राज्य स्थापना दिवस**

### राज्य स्थापना दिवस के अवसर पुलिस लाइन में राज्यपाल ने रैतिक परेड का निरीक्षण कर सलामी ली

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को पुलिस लाईन, देहरादून में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) एवं मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने रैतिक परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। राज्यपाल ने विशिष्ट सेवाओं के लिए 'राष्ट्रपति पुलिस पदक' एवं 'पुलिस पदक' प्राप्त पुलिस अधिकारियों को सम्मानित भी किया।

इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपने वीडियो संदेश के द्वारा सभी प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री द्वारा सूचना एवं लोक संपर्क विभाग की पत्रिका ''संकल्प सतत विकास का'' एवं ''उत्तराखण्ड पुलिस पत्रिका–2024'' का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस विभाग द्वारा विशिष्ट साहसिक प्रदर्शन किया




गया, इसमें विशेष रूप से श्वान दल द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन ने उपस्थित दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

राज्य स्थापना दिवस कार्यक्रम में इस वर्ष का उत्तराखण्ड गौरव सम्मान भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, लोक गायक प्रीतम भर्तवाण, समाज सुधारक एवं आध्यात्मिक गुरु माता मंगला, अभिनेता हेमंत पांडेय और वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. महेश कुड़ियाल को दिया गया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड गौरव सम्मान पुरस्कार–2024 के महानुभावों को सम्मानित किया।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उत्तराखण्ड राज्य आंदोलन से जुड़े सभी ज्ञात–अज्ञात अमर शहीदों और आंदोलनकारियों को नमन किया। राज्यपाल ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस पर हम सभी एक संकल्प अवश्य लें। हम अपने युवाओं को हर प्रकार के नशे और ड्रग्स की आदतों से दूर रखने का प्रयास करें। इसके लिए उत्तराखण्ड पुलिस को समाज के सभी वर्गों के साथ मिलकर पहल करनी होगी। उन्होंने कहा कि ड्रग्स फ्री उत्तराखण्ड के निर्माण में सभी अपना योगदान दें, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी को उज्ज्वल भविष्य के लिए एक सुरक्षित वातावरण मिल सके। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड आज विकास के कई पैमानों में देश के अग्रणी राज्यों में से एक है। हमारे प्रदेश में सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, वित्तीय समावेश, सामाजिक सुरक्षा से जुड़े हर एक क्षेत्र में बहुत बड़ा बदलाव आ रहा है।

राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए नौ आग्रह के संबंध में राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने हमसे जो नौ आग्रह किए हैं वह हमारे लिए नौ संकल्पों के समान है और हम इन संकल्पों का शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

## न्यूज डायरी

### नेताजी संघर्ष समिति ने राज्य स्थापना दिवस बड़ी सादगी के साथ मनाया

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को अपने कार्यालय कावली रोड पर राज्य स्थापना दिवस बड़ी सादगी के साथ मनाया। उन्होंने कहा कि समिति ने यह निर्णय इसलिए लिया कि अल्मोड़ा में अभी हाल में बस हादसे में कई लोगों की मृत्यु हुई हैं। समिति ने बचे हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। समिति के प्रभात डंडरियाल और महासचिव आरिफ वारसी ने इस मौके पर प्रदेश सरकार से मांग की है कि वह प्रदेश में सशक्त भू कानून और मूल निवास 1950 से लागू कराए। समिति ने इस मौके पर प्रदेशवासियों को राज्य स्थापना दिवस पर बधाई प्रेषित की। स्थापना दिवस पर प्रदेश की खुशहाली के लिए प्रार्थना करने वालों में प्रमुख महासचिव आरिफ वारसी, उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल,जय बिष्ट, दानिश नूर, सुशील विरवानी ,पंकज नेगी ,सालार ,विपुल नौटियाल ,पारस यादव ,आदि शामिल रहे।

### क्षेत्रवासियों की भावनाओं के अनुरूप होगा पिलर के नीचे निर्माण कार्य

**संवाददाता** हरिद्वार। श्री शिव शक्ति व्यापार मण्डल, भूपतवाला, हरिद्वार व क्षेत्रवासियों ने भाजपा नेता अनिरूद्ध भाटी के नेतृत्व में नगर विधायक मदन कौशिक को ज्ञापन सौंपकर पुराना आरटीओ भूपतवाला स्थित फ्लाई ओवर के नीचे पिलर सं. 5 से 9 तक निर्माण कार्य नहीं करवाने की मांग की। इस अवसर पर भाजपा नेता अनिरूद्ध भाटी ने कहा कि एचआरडीए द्वारा पावन धाम तिराहे से शांतिकुंज तक फ्लाई ओवर के नीचे सौन्दर्यकरण का कार्य कराया जा रहा है जिसमें ओपन जिम, बैंडमिंटन कोर्ट, पार्किंग व पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है जो अत्यन्त सराहनीय है। इस निर्माण कार्य में जल निकासी व्यवस्था की अनदेखी हो रही है। विधायक मदन कौशिक ने ज्ञापन प्राप्त कर व्यापारियों व क्षेत्रवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि व्यापारियों व क्षेत्रवासियों की समस्या का शीघ्र निदान कराया जायेगा।

### एनएसडीसी और टीसीएस आईओएन ने की साझेदारी

**संवाददाता** देहरादून। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) और टीसीएस आईओएन ने राष्ट्रीय दक्षता परीक्षा (एनपीटी) शुरू करने और पूरे भारत में युवाओं के कौशल को बढ़ाने और रोजगार क्षमता को बढ़ावा देने के लिए उद्योग–मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र प्रदान करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। एनपीटी राष्ट्रव्यापी मूल्यांकन हैं जो छात्रों, नौकरी चाहने वालों और पेशेवरों को अपने कौशल को मान्य करने और स्किल इंडिया डिजिटल हब के माध्यम से विशेषज्ञता के विशिष्ट क्षेत्रों में मान्यता प्राप्त करने में सक्षम बनाते हैं।

## सैकड़ों की संख्या में एकजुट युवा सीएम आवास कूच करने पहुंचे

**संवाददाता** देहरादून। राज्य स्थापना दिवस पर बेरोजगार संघ सीएम आवास कूच करने पहुंचे। सैकड़ों की संख्या में युवा राजधानी के गांधी पार्क में एकत्रित हुए। यहां से युवाओं की भीड़ ने सीएम आवास कूच के लिए हुंकार भरी। इस दौरान प्रदर्शनकारी युवाओं को रोकने के लिए भारी पुलिस भी तैनात रही।

उत्तराखंड पुलिस कांस्टेबल भर्ती में पांच वर्ष की आयु सीमा में छूट नहीं दी गई तो राज्य स्थापना दिवस पर बेरोजगारों ने मुख्यमंत्री आवास का कूच करने ठानी। शनिवार को गांधी पार्क में धरने पर बैठे बेरोजगार युवाओं ने शपथ ली थी। वहीं, इस मौके पर उन्होंने करो या मरो रैली का इलान भी किया। उत्तराखंड बेरोजगार संघ के बैनर तले सुबह बेरोजगार युवा गांधी पार्क पर एकत्र हुए। प्रदर्शनकारी युवाओं ने कहा, पिछली भर्ती में सरकार ने आश्वासन दिया था कि आगामी भर्ती में आयु सीमा में छूट दी जाएगी। लेकिन इस बार ऐसा नहीं किया गया। इससे युवाओं में भारी रोष है।

संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राम कंडवाल ने कहा कि प्रदेश के डीजीपी अभिनव कुमार के आश्वासन का सम्मान करते हुए उन्होंने आठ नवंबर तक कोई धरना और प्रदर्शन नहीं किया था। डीजीपी अभिनव कुमार की बीती 30 अक्तूबर को संघ के पदाधिकारियों से मुलाकात हुई थी। उन्होंने आश्वासन दिया था कि पुलिस भर्ती में आयु सीमा में छूट को लेकर सरकार काम कर रही है।



### त्याग, तपस्या और धर्म की प्रतिमूर्ति थे स्वामी सच्चिदानंद महाराज: मदन कौशिक

**संवाददाता** हरिद्वार। तीर्थनगरी हरिद्वार के उत्तरी क्षेत्र स्थित श्री विशुद्धानंद आश्रम में ब्रह्मलीन स्वामी सच्चिदानंद महाराज की तृतीय पुण्यतिथि श्रद्धा भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि स्वामी सच्चिदानंद महाराज त्याग, तपस्या और धर्म की साक्षात् प्रतिमूर्ति थे जो संत समाज के बीच समन्वय का कार्य करते थे। वे गरीबदासीय परंपरा के प्रतिष्ठित संत थे, उनके नेतृत्व में आश्रम एवं संस्था ने अभूतपूर्व प्रगति की। मदन कौशिक ने आश्रम के वर्तमान महंत स्वामी रामानन्द के प्रति मंगल कामनाएं प्रकट करते हुए संत समाज का आशीर्वाद प्राप्त किया। स्वामी हरिप्रकाश महाराज की अध्यक्षता, स्वामी अमृतानन्द जी महाराज के पावन सानिध्य तथा महंत रविदेव शास्त्री, स्वामी हरिहरनांद के संचालन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

# माइक्रो ऑब्जर्वर को दिया गया पोस्टल बैलेट प्रशिक्षण

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। 07–केदारनाथ विधान सभा उप निर्वाचन में दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराने हेतु माइक्रो ऑब्जर्वर को आज सामान्य प्रेक्षक विनोद शेषन की उपस्थिति में एक दिवसीय पोस्टल बैलेट प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक ने सभी उपस्थित माइक्रो ऑब्जर्वर को उनके नैतिक दायित्वों के साथ ही पोस्टल बैलेट के माध्यम से होने वाले मतदान की जानकारी से अवगत कराया।

सामान्य प्रेक्षक विनोद शेषन ने उपस्थित माइक्रो ऑब्जर्वर को जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के

### सामान्य प्रेक्षक ने कराया पोस्टल बैलेट प्रक्रिया की जानकारी से अवगत

मतदाताओं को निर्वाचन आयोग द्वारा उनके घर पर ही मतदान करने की सुविधा उपलब्ध है। इसके लिए माइक्रो ऑब्जर्वर पोलिंग पार्टी के रूप में घर–घर जाकर मतदान कराएंगे। हर टीम में 05 सदस्य होंगे तथा मतदान प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाएगी। इस पूरी प्रक्रिया में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

उन्होंने बताया कि दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं का मतदान हेतु पोलिंग पार्टियां 11 व 12 नवंबर को उनके घर जाकर मतदान कराएंगी। उन्होंने कहा कि मतदान से पूर्व पोलिंग पार्टी संबंधित क्षेत्र के बीएलओ से सुविधा के लिए अनिवार्य रूप से संपर्क कर ले। उन्होंने कहा कि किसी कारणवश अगर मतदाता पहली बार में मतदान नहीं कर सके तो पुनः एक अतिरिक्त दिन उसके घर जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करवाया जाए। लेकिन यदि दो बार में मतदाता मतदान नहीं करता है तो वह पोलिंग बूथ में भी अपना मतदान नहीं कर पाएगा। उन्होंने किसी भी शंका अथवा अन्य जानकारी के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाने का भी सुझाव दिया।

नोडल अधिकारी पोस्टल बैलेट राहुल चौबे ने निर्वाचन की गोपनीयता के भंग न होने के दृष्टिगत वीडियोग्राफी उचित दूरी से करने तथा पोस्टल बैलेट की सुरक्षा को आवश्यक बताया।

### रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के जगदीश कांडपाल बने क्षेत्रीय अध्यक्ष

**संवाददाता** हल्द्वानी। कार्यालय संवाददाता रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद कुमाऊं क्षेत्र के वार्षिक अधिवेशन में जगदीश कांडपाल को लगातार तीसरी बार क्षेत्रीय अध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

शनिवार को शीशमहल स्थित रामलीला ग्राउंड में परिषद के कुमाऊं क्षेत्र का अधिवेशन हुआ। सुबह 11 बजे से आमसभा की शुरुआत हुई और दोपहर करीब ढाई बजे चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई। चुनाव अधिकारी विक्रम सिंह डंगवाल और डुंगर सिंह संभल ने चुनाव करवाए। इस दौरान सभी पदाधिकारी सर्वसम्मति से चुने गए। क्षेत्रीय अध्यक्ष पद पर जगदीश कांडपाल और क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष पद पर पीसी बिष्ट को तीसरी बार चुना गया। राजेंद्र सिंह नेगी को क्षेत्रीय मंत्री, बालम सिंह को क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रथम, राहुल रावत को क्षेत्रीय उपाध्यक्ष द्वितीय चुना गया।

*एक शांत और स्थाई चित्त हर विप्पति से निकलने का रास्ता निकाल लेता है।–अज्ञात*





पेज थ्री
www.page3news.in

# बड़े व्यक्तित्व की जरूरत

**कांग्रेस का यह घटा हुआ कद इंडिया ब्लॉक के क्षेत्रीय दलों के लिए तात्कालिक तौर पर फायदेमंद भले हो, क्या यह दीर्घकालिक तौर पर गठबंधन के लिए लाभकारी होगा? लेकिन यह तब तक नहीं होगा, जब तक कि वह बीजेपी से सीधे मुकाबले में हार जाने वाली अपनी छवि को निर्णायक तौर पर नहीं बदलती।**

अनुज श्रीवास्तव।।

अगर लोकसभा चुनाव में बहुमत न हासिल कर पाने की वजह से एनडीए के अंदर बीजेपी नेतृत्व की पकड़ कुछ कमजोर हुई तो हरियाणा की हार इंडिया खेमे में कांग्रेस की साख पर भारी पड़ती दिख रही है। हरियाणा के चुनावी नतीजे आने के बाद न सिर्फ विपक्षी नेताओं की बयानबाजी के अंदाज बदल गए हैं बल्कि सीट बंटवारे में कांग्रेस की सौदेबाजी करने की क्षमता भी खत्म हो गई लगती है। इसका पहला बड़ा प्रभाव उत्तर प्रदेश में दिखा, जहां नौ विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव के मद्देनजर समाजवादी पार्टी ने एकतरफा ढंग से उम्मीदवार घोषित करने शुरू किए। कांग्रेस ने पहले परदे के पीछे बातचीत कर मामले को संभालने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं बनी। आखिरकार उसने त्याग की मुद्रा अख्तियार करते हुए कहा कि लोकतंत्र और संविधान बचाने की इस लड़ाई में व्यापक हितों को देखते हुए वह अपना कोई प्रत्याशी खड़ा नहीं करेगी और सभी 9 सीटों पर समाजवादी पार्टी को जिताने का प्रयास करेगी।





महाराष्ट्र विकास आघाड़ी के तीनों प्रमुख दलों में कांग्रेस खुद को सबसे बड़ी बता रही थी। इसका ठोस आधार भी था। लोकसभा चुनावों में पार्टी ने राज्य में विपक्षी दलों में सबसे ज्यादा 13 सीटें जीती थीं। स्वाभाविक ही वह बाकी दोनों दलों के मुकाबसे ज्यादा सीटें मांग रही थी। शुरुआती खबरों में ऐसे संकेत भी मिले कि उसकी मांग को स्वीकार कर लिया जाएगा। लेकिन आखिरी दौर में शरद पवार की अगुआई में हुई बैठक में जो फॉर्म्युला मंजूर हुआ, उसके मुताबिक तीनों पार्टियों – कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (शरद)– ने 85–85 सीटों पर लड़ना तय किया। निश्चित रूप से यह कथित बराबरी कांग्रेस के खिलाफ है, लेकिन वह इसे मानने को मजबूर दिख रही है।

सवाल यह है कि कांग्रेस का यह घटा हुआ कद इंडिया ब्लॉक के क्षेत्रीय दलों के लिए तात्कालिक तौर पर फायदेमंद भले हो, क्या यह दीर्घकालिक तौर पर गठबंधन के लिए लाभकारी होगा? ध्यान रहे, लोकसभा चुनावों में अगर विपक्ष बेहतर प्रदर्शन कर सका तो उसके पीछे दो दौर की भारत जोड़ो यात्रा के कारण विपक्ष के नेता के तौर पर राहुल गांधी के बढ़े हुए कद का भी कम योगदान नहीं था। भले ही मौजूदा दौर गठबंधन का हो, उसके केंद्र में एक बड़े व्यक्तित्व की मौजूदगी जरूरी होती है जो गठबंधन को न सिर्फ जोड़े रखता है बल्कि उसे मजबूती भी देता है।

ऐसे में अगर विपक्षी गठबंधन को सार्थक विकल्प के रूप में बने रहना है तो कांग्रेस को इस कमजोरी से उबरना पड़ेगा। लेकिन यह तब तक नहीं होगा, जब तक कि वह बीजेपी से सीधे मुकाबले में हार जाने वाली अपनी छवि को निर्णायक तौर पर नहीं बदलती।

## एहसास





**अशोक वोहरा।** गणेश जी को भूख काफी जोरों से लगे थे उसने गेहूं के कुछ दाने खा लिया था। गेहूं के कुछ दाने खाने के बाद भगवान श्री गणेश को यह एहसास हुआ कि उसने बिना पूछे किसी की मर्जी से किसी की खेत से दाने तोड़ कर खा लिए हैं। ऐसे में जब श्री गणेश जी को यहां बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगा हुआ सोच रहे थे कि इसका कर्ज चुकाने के लिए मुझे जो भी करना पड़े मैं कर लूंगा। उसके बाद भगवान श्री गणेश जी एक छोटे से बालक के रूप में प्रकट हो जाते हैं और सेठ सेठानी की जो दुकान थी कपड़े की उसी दुकान में चले जाते हैं। सेठ सेठानी की दुकान में काफी ज्यादा दिक्कत का सामना हो रहा था किसी कठिनाई में सेठ सेठानी घिरा हुआ था। श्री गणेश जी को वहां पहुंचते ही उसकी दुकान की सारी परेशानियां दूर हो जाती है उसके बाद श्री गणेश जी बालक के रूप में प्रकट होकर वहां जाकर कहते हैं कि मुझे काम सही है क्या मुझे काम मिलेगा।...**शेष कल**

## संपादकीय

### सोची–समझी रणनीति

तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के भाषण का एक अंश बहुत लोकप्रिय है। उन्होंने लोकसभा में कहा था, हम तो जीते हैं और जीतकर भी विनम्र हैं, हार में तो आत्ममंथन होना चाहिए। लेकिन कांग्रेस पर यह सिद्धांत लागू नहीं होता। वह हारती है तो आत्ममंथन बाद में करती है, हार की भनक मिलते ही सारी मिसाइलें विरोधियों और संवैधानिक संस्थाओं पर छोड़ देती है। कई बार पार्टी के अंदर से ही आवाज उठती है। तब कांग्रेस की और भी फजीहत होती है। लेकिन विशेषकर राहुल गांधी की कांग्रेस की एक ही रट है– हमारी हार के लिए पूरी दुनिया, सारे ग्रह–नक्षत्र, दिग–दिगंत जिम्मेवार हैं, सिवाय गांधी परिवार के। कुल मिलाकर कहें तो कांग्रेस शर्म का कुल्ला करते हैं और कुर्तकों का स्नान। ये किस दर्जे का कुतर्क है, इसका अंदाजा कोई भी आसानी से लगा सकता है। हर कोई यह भी समझ सकता है कि ऐसे निराधार और हास्यास्पद दावों और आरोपों के पीछे कांग्रेस की कैसी मंशा होती है। दरअसल, वो बदनीयती का आरोप तो चुनाव आयोग पर लगाती है, लेकिन इस आरोप के पीछे उसकी ही घोर बदनीयती होती है। यह सीधा–सीधा देश–दुनिया में चुनाव आयोग जैसी संस्था की साख गिराने का घृणित इरादा होता है जो किसी लोकतंत्र समर्थक की पहचान तो नहीं ही हो सकती है।

कांग्रेस हर हार में सीधे–सीधे चुनाव आयोग को कटघरे में खड़ा करता ही है, इसका शीर्ष नेतृत्व भी इस अभियान में शामिल होता है।

# ईवीएम में गड़बड़ी

नवीन कुमार पाण्डेय।।

2009 में कांग्रेस नेतृत्व के संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) की पहली सरकार बनी थी। उस वर्ष 22 मई को मनमोहन सिंह सरकार ने शपथ ग्रहण किया था। चार महीने बाद महाराष्ट्र, हरियाणा और अरुणाचल प्रदेश के विधानसभा के चुनाव हुए। तीनों प्रदेशों में बीजेपी के चुनाव प्रभारी मुख्तार अब्बास नकवी ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में गड़बड़ी का दावा करते हुए बहुत बड़ी बात कह दी। नकवी ने कहा कि ईवीएम कांग्रेस के लिए इलेक्ट्रॉनिक विक्ट्री मशीन बनती जा रही है। नकवी ने ईवीएम पर संदेह जताया, लेकिन चुनाव आयोग को सीधा–सीधा कुछ नहीं कहा। लेकिन इसका कतई मतलब नहीं कि उन्होंने चुनाव आयोग को निष्पक्ष माना। नकवी का परोक्षा हमला चुनाव आयोग पर ही था, लेकिन बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व ने नकवी का बिल्कुल साथ नहीं दिया बल्कि उन पर बयान वापस लेने का दबाव बनाया।

नकवी केंद्रीय नेतृत्व के दबाव में तुरंत बदल भी गए। उन्होंने ईवीएम पर लांछन लगाने के रुख से पलटकर कहा कि पार्टी के खराब प्रदर्शन के कारणों पर मंथन किया जाएगा। उसके बाद से बीजेपी की तरफ से ईवीएम की खामियों पर चर्चा जरूर हुई, लेकिन बयानों में सतर्कता बरती जाने लगी कि कभी चुनाव आयोग की



निष्पक्षता को सवालों के घेरे में नहीं खड़ा किया जाए। दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी और उसका शीर्ष नेतृत्व है। कांग्रेस हर हार में सीधे–सीधे चुनाव आयोग को कटघरे में खड़ा करता ही है, इसका शीर्ष नेतृत्व भी इस अभियान में शामिल होता है। ऐसा तब हो रहा है जब ईवीएम पर जांच–परख की एक लंबा दौर चला और चुनाव आयोग से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक ने तमाम शिकायतों के मद्देनजर हर तरह की पड़ताल की और ईवीएम को छेड़छाड़ से परे बताया। वो भी एक बार नहीं, कई बार।

अभी हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अब ईवीएम पर उंगली नहीं उठाई जानी चाहिए क्योंकि यह हर अग्नि परीक्षा में पास हो हुई है। उधर चुनाव आयोग ने अनेक बार शिकायती पक्षों को चुनौती दी कि वो ईवीएम पर लगाए जा रहे आरोपों को साबित करें। चुनाव आयोग के ईवीएम पर हैकथॉन में ज्यादातर शिकायती पक्ष तो कभी शामिल ही नहीं हुए और जो कभी शामिल भी हुए तो अपने आरोपों को साबित नहीं कर सके। ईवीएम और चुनाव प्रक्रिया पर कांग्रेस का रुख कमाल का होता है। कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी लगातार कहते हैं कि वो लोकतंत्र की रक्षा की लड़ाई लड़ रहे हैं। लेकिन बिना सबूत संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने से भला लोकतंत्र की रक्षा कैसे होती है?

विडंबना देखिए, चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर वह कांग्रेस पार्टी सवाल उठाती है जिसकी मनमोहन सिंह सरकार ने नवीन चावला को मुख्य चुनाव आयुक्त बनाया था। नवीन चावला वही अधिकारी थे जिनकी जस्टिस जेसी शाह आयोग ने अपनी रिपोर्ट में गंभीर टिप्पणियां की थीं। जस्टिस शाह आयोग ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार में लगाए गए आपातकाल के दौरान की गई ज्यादतियों और इनमें शामिल लोगों की भूमिकाओं की जांच की थी। बाद में आयोग के एक सदस्य एली सिंह ने यहां तक कहा था कि नवीन चावला किसी भी पद पर रहने योग्य नहीं हैं, उन्हें तुरंत सरकारी सेवा से बर्खास्त किया जाना चाहिए। फिलहाल सवाल यह है कि कांग्रेस आखिर किस नैतिकता से चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा की बात भी कर पाती है?

**सूडोकू नवताल- 5347** *****

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल -5346 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

## अपना ब्लॉग

### साजिश करने का आरोप

**मोहन।** हरियाणा विधानसभा चुनावों की मतगणना से पहले कांग्रेस जीत की उम्मीद में लोकतंत्र का जश्न मना रही थी। पार्टी की तरफ से जलेबियां बनवाई जा रही थीं, ढोल–नगाड़ों का इंतजाम किया गया था। मतगणना शुरू हुई तो पहले दो–ढाई घंटों तक के रुझानों में कांग्रेस पार्टी को ही बढ़त मिलती रही। लेकिन जैसे ही रुझान बदले और कांग्रेस पार्टी अपने प्रतिद्वंद्वी बीजेपी से पीछे होने लगी तो पार्टी चुनाव आयोग पर हमले करने लगी। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की तरफ से चुनाव आयोग पर सीधा–सीधा हमला किया जाने लगा। उन्होंने कहा कि कुछ ईवीएम खुलने के वक्त उनकी बैटरी 90 प्रतिशत चार्ज देखी गई। और ऐसी हर ईवीएम से बीजेपी के पक्ष में वोट निकल रहे हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक नए आरोप में चुनाव आयोग को पत्र भी लिख दिया। उन्होंने आयोग की वेबसाइट पर मतगणना के आंकड़े अपडेट करने में देरी का आरोप लगाया। मतलब चुनाव आयोग पर साजिश करने का आरोप।






## सलार 2 के नए वीडियो ने बढ़ाई धड़कन, प्रभास संग मेकर्स की 3 फिल्मों की डील

प्रशांत नील के डायरेक्शन में बनी सलारः पार्ट 1 ने 2023 में खूब धमाल मचाया था। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने देश में 406.45 करोड़ और वर्ल्डवाइड 617.75 करोड़ रुपये कमाए थे। होम्बले फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म के पार्ट–2 का हर किसी को बेसब्री से इंतजार है। अब शुक्रवार को मेकर्स ने इस बेताबी को और बढ़ा दिया है। सलार 2 का नया 22 सेकेंड का वीडियो शेयर किया है, जो आपकी धड़कन बढ़ा देता है। इतना ही नहीं, इसी के साथ प्रोडक्शन हाउस ने रेबेल स्टार के साथ तीन फिल्मों की डील की है, जो 2026, 2027 और 2028 में रिलीज होंगी। होम्बले फिल्म्स ने सोशल मीडिया पर दो पोस्ट किए हैं। पहले पोस्ट में कहा गया है, हमें रेबेल स्टार प्रभास के साथ शानदार तीन–फिल्मों की साझेदारी करने पर गर्व है। यह भारतीय सिनेमा का जश्न है और हम इसे दुनियाभर में ले जाने का लक्ष्य रखते हैं। हमारा वादा है कि हम इसे एक बेहतरीन सिनेमाई अनुभव बनाएंगे, जिसे भूलना मुश्किल होगा। मेकर्स ने इसके बाद एक और पोस्ट शेयर किया है, जिसमें सलार 2 का 22 सेकेंड का वीडियो है। इसमें हम प्रभास को ताबड़तोड़ गोलियां चलाते हुए देखते हैं। फिर वह बड़ी बेफिक्री से टहलते हुए आगे बढ़ते हैं और गोलियों के खोखे को उठाकर एक डस्टबिन में डालते हैं।

## अरमान मलिक ने अपनी दूसरी वाइफ कृतिका को गिफ्ट किया महंगा फोन

बिग बॉस ओटीटी 3 के कंटेस्टेंट रहे यूट्यूबर अरमान मलिक और उनकी दोनों बीवियों पायल मलिक और कृतिका मलिक का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो को देखकर लोगों का गुस्सा अरमान मलिक पर फूट रहा है। लोग ये कहते दिख रहे हैं कि अरमान हमेशा ही पायल के साथ गलत करते हैं। कृतिका अपने इस नए फोन को देखकर खुशी से उछल पड़ती हैं। कृतिका अपने बेटे को नया फोन दिखाती है तो वो उनकी तरफ हाथ बढ़ाता है और कहता है कि मुझे दे दो। कृतिका कहती हैं– अभी देती हूं बेटा, बिना टेमपर्ड नहीं दे सकती। इसके बाद पायल मलिक वो फोन देखती है और कहती है– ये आपने अच्छा फोन दिया है, मुझे तो नहीं दिया। इसपर अरमान कहते हैं– तुझे भी तो दिलाया था। फिर वो कहती हैं– कुछ कह ही नहीं रही गुड्डू। फिर पायल उस फोन को ऑपरेट करने की कोशिश करती हैं तो अरमान बोले– तू क्यों कर रही है, वो कर लेगी, उसका फोन है। इसके बाद पायल कृतिका को कहती है– ये तेरा फोन...और पलट कर वो कहती हैं– तेरा नहीं, हमारा फोन। फिर पायल कहती है– हां, हमदोनों का फोन। अब इस वीडियो को देखकर लोगों ने पायल के लिए सहानुभूति दिखाई है। एक ने कहा– पायल को ये आदमी जिंदगी भर तकलीफ ही देता है।

## जान्हवी कपूर के हाथ पर ये निशान कैसे? लोग कर रहे सवाल



जान्हवी कपूर हाल ही में जूनियर एनटीआर के साथ अपनी पहली तेलुगू फिल्म देवारा पार्ट 1 में नजर आई हैं। फिल्म में जूनियर एनटीआर के साथ उनके डांस ने हर किसी को दीवाना बना दिया। एक्ट्रेस साउथ के थिएटरों में डांस करते और चिल्लाते फैन्स के वीडियो शेयर करती रहती हैं। फिल्म का गाना ‘चुट्टमल्ले’ वायरल हो गया और लोगों को जान्हवी की परफॉर्मेंस बहुत पसंद आई, लेकिन इसी गाने ने उनके शरीर पर सर्जरी की अटकलों को तेज कर दिया। जान्हवी कपूर हाल के समय की सबसे खूबसूरत एक्ट्रेसेस में से एक हैं। उनकी खूबसूरती और कपड़ों का चयन हमेशा चर्चा का विषय रहता है। अपनी एक्टिंग के अलावा, जान्हवी के लगातार बदलते शरीर ने भी पिछले कुछ सालों में बहुत ध्यान खींचा है। हाल ही में, एक यूजर ने चुट्टमल्ले गाने से जान्हवी के डांस के कुछ स्क्रीनशॉट शेयर किए, जिसमें उनकी बांह पर लगे निशानों को दिखाया और पूछा कि क्या ये निशान लिपोसक्शन के कारण हैं। बता दें कि लिपोसक्शन एक सर्जिकल प्रक्रिया है जिसमें डॉक्टर शरीर के कई हिस्सों से वसा को हटाते हैं। म्यूजिक वीडियो में जान्हवी की बांहों पर एक जैसे निशान नजर आए।

# मनोज कुमार की मां ने अमिताभ बच्चन से की शिकायत

*विक्रांत मैसी, आईपीएस अधिकारी डॉ. मनोज कुमार के साथ अपनी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट का प्रचार करने के लिए कौन बनेगा करोड़पति के सेट पर आए। अमिताभ बच्चन के साथ उनकी मुलाकात ने सुर्खियां बटोर ली है। शो में विक्रांत ने खुलासा किया कि कैसे 20 साल तक शोबिज में रहने के बावजूद, अमिताभ के साथ यह उनकी पहली मुलाकात है। मनोज ने शो की अपनी यादें और एक पुलिस अधिकारी होने की चुनौतियों को भी शेयर किया।*

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)





### छात्रों के लिए इतना फायदेमंद होगा

शो में, मनोज और विक्रांत दोनों को दिग्गज स्टार से मिलते ही बहुत खुशी होती है। केबीसी से जुड़ी अपनी यादों को याद करते हुए मनोज ने अमिताभ बच्चन से कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह शो यूपीएससी की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए इतना फायदेमंद होगा। हम शो के जरिए यूपीएससी की तैयारी के लिए पान की दुकान या सड़क किनारे रेस्ट्रों में खड़े होकर रात 9 बजे का इंतजार करते थे। कई बार ऐसा भी आया जब हमें लगा कि हमारी तैयारी पूरी हो गई है। लेकिन जैसे ही आपने प्रश्न पूछना शुरू किया, हमें एहसास हुआ कि हमारी तैयारी पर्याप्त नहीं थी। तब तक स्कूलों में सामान्य ज्ञान को ज्यादा प्राथमिकता नहीं दी जाती थी।

### केबीसी में आए आईपीएस मनोज कुमार

उन्होंने आगे कहा, केबीसी ने जो किया वह शिक्षकों और अभिभावकों के लिए जरूरी था। उसके बाद से ही उन्हें सामान्य ज्ञान की जरूरत महसूस हुई। मैं अपने आप को बहुत भाग्यशाली मानता हूं कि आज आपके सामने बैठा हूं।



### आईपीएस होने की चुनौतियों पर की बात

इसी एपिसोड में, मनोज ने एक आईपीएस अधिकारी होने की चुनौतियों का भी खुलासा किया जब उनकी मां ने अमिताभ से शिकायत की कि वह कभी त्योहारों के लिए घर नहीं आते हैं। अमिताभ बच्चन से बात करते हुए मनोज ने कहा, ‘पुलिस त्योहार नहीं मना सकती। मैंने आज तक एक भी दिवाली नहीं मनाई। एक बार जब आप खाकी पहन लेते हैं तो आपका कोई धर्म या जाति नहीं होती, आप एक पुलिसकर्मी के रूप में अपना पूरा जीवन देश के लिए समर्पित कर देते हैं।

### पुलिस वालों की शिफ्ट नहीं होती

उन्होंने आगे कहा, ‘पुलिस अधिकारी की कोई निश्चित शिफ्ट भी नहीं है। कभी–कभी वे पूरे दिन और कभी–कभी लगातार तीन दिनों तक भी काम करते हैं।’ यह सुनकर सभी दंग रह जाते हैं और फिर तालियों की गड़गड़ाहट से स्टेज गूंज उठता है।

# अथिया शेट्टी और केएल राहुल के घर गूंजेगी किलकारी

*एक्ट्रेस अथिया शेट्टी और उनके क्रिकेटर पति केएल राहुल जल्द ही अपने पहले बच्चे का स्वागत करेंगे। दोनों ने ये खुशखबरी फैंस के साथ शेयर कर दी है। एक्ट्रेस 2025 में अपने बच्चे को जन्म देंगी। उन्होंने अपने बर्थडे के कुछ दिन बाद ही प्रेग्नेंसी की घोषणा की है।*



एक्ट्रेस अथिया शेट्टी और उनके क्रिकेटर पति केएल राहुल जल्द ही माता–पिता बनने वाले हैं। अथिया शेट्टी ने ये जानकारी 8 नवंबर यानी शुक्रवार को दी है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया कि साल 2025 में उनका बच्चा इस दुनिया में आने वाला है। केएल राहुल ने भी सेम चीज अपने अकाउंट पर पोस्ट की। दोनों को उनके दोस्तों और परिवार वालों ने भर–भरके बधाई दी है।

### खुशखबरी! प्रेग्नेंट हैं अथिया शेट्टी

एक्ट्रेस अथिया शेट्टी ने अपने इंस्टा पर एक पोस्ट शेयर किया जिसमें जानकारी दी कि वो जल्द ही मां बनने वाली हैं। उन्होंने एक फोटो शेयर कर टेक्स्ट में लिखा, हमारा खूबसूरत आशीर्वाद 2025 में इस दुनिया में आ रहा है। अथिया और राहुल।

### अथिया शेट्टी का बर्थडे

कुछ दिन पहले ही अथिया ने अपना बर्थडे मनाया था और उन्हें उनके क्रिकेटर–पति केएल राहुल से जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं मिलीं। सीनियर बल्लेबाज ने उनका 32वां जन्मदिन मनाने के लिए एक्स पर अपने रोमांटिक पलों की फोटोज शेयर कीं। उन्होंने प्यार भरे इमोजी के साथ लिखा, मेरा पागल जन्मदिन वाला बच्चा। केएल राहुल और अथिया शेट्टी की शादी जनवरी 2023 में हुई थी।

### राहुल की मदद करती हैं अथिया

स्टार स्पोर्ट्स के साथ पहले बातचीत में, राहुल ने इस बारे में बात की थी कि कैसे अथिया उनके शांत रवैये के लिए उनकी मदद करती हैं। उन्होंने कहा, वह मुझे बहुत प्यार और शांति देती है और अगर मैं मानसिक रूप से ठीक हूं, तो मैं अपना बेस्ट करता हूं। वह मेरे लिए यही करती है। मैं कभी–कभी थोड़ा शांत हो जाता हूं। वह मुझे मेरी सीमाएं तोड़ने में थोड़ी मदद करती है।

# सूखी खांसी-छाती में बलगम, सर्दी के रोगों की एक दवा है शहद



**गले की खराश और खांसी का इलाज**
शहद में एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटीबैक्टीरियल गुणों से भरपूर शहद इम्यून सिस्टम मजबूत करके सर्दियों में होने वाले रोगों से बचाता है। सर्दियों में गले में खराश और खांसी आम समस्याएं होती हैं। शहद में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो गले को शांत करने और खांसी को कम करने में मदद करते हैं। इसे गर्म पानी या अदरक की चाय में मिलाकर सेवन करने से राहत मिलती है।

*शहद के कई फायदे हैं लेकिन शुगर मिक्स या नकली शहद खाने से कैंसर तक हो सकता है। इसलिए शहद खरीदते समय उसकी शुद्धता की जांच करना बहुत जरूरी है।*

**सर्दी का बढ़िया उपायः** शहद का सेवन शरीर को अंदर से गर्मी प्रदान करता है, जिससे ठंड के मौसम में ठिठुरन से बचाव होता है। शहद और अदरक का मिश्रण या शहद और दालचीनी का पेस्ट सर्दी-जुकाम और बंद नाक से राहत दिलाने में प्रभावी होता है।

**पाचन में सुधारः** शहद पाचन तंत्र को स्वस्थ रखता है और सर्दियों में भारी खाना खाने के बाद पाचन को सुचारु करता है। शहद नेचुरल शुगर का अच्छा स्रोत है, जो एनर्जी लेवल तुरंत बढ़ाने में मदद करता है। सर्दियों में थकावट और कमजोरी को दूर रखने के लिए यह बेहतरीन है। इसे चाय, गर्म पानी, दूध या खाने में मिलाकर लिया जा सकता है।

**तेजी से बढ़ सकता है ब्लड शुगरः** मिलावटी शहद का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। मिलावटी शहद में मिलाई गई चीनी ब्लड शुगर लेवल को तेजी से बढ़ा सकती है, जो विशेष रूप से डायबिटीज रोगियों के लिए हानिकारक है।

**वजन बढ़ना और पाचन समस्याएंः** मिलावटी शहद में ज्यादा चीनी कैलोरी की मात्रा बढ़ा देती है, जिससे अधिक सेवन से वजन बढ़ने और मोटापा होने का खतरा बढ़ सकता है। मिलावटी शहद खाने से पेट में गैस, सूजन, अपच और पेट दर्द की समस्याएं भी हो सकती है।

**कैंसर और कोलेस्ट्रॉल का खतराः** चीनी और अन्य केमिकल्स मिलावटी शहद में मौजूद हो सकते हैं, जो हृदय स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं और कोलेस्ट्रॉल लेवल को बढ़ा सकते हैं। कुछ मिलावटी शहद में अवांछित रसायन हो सकते हैं, जिनका बार-बार सेवन लंबे समय में स्वास्थ्य समस्याएं और कैंसर का खतरा भी बढ़ा सकता है।
एक गिलास में पानी लें और उसमें थोड़ा शहद डालें अगर शहद पानी के नीचे चला गया तो समझ लें कि यह असली है जबकि नकली शहद पानी के ऊपर तैरता दिखेगा।

# पैरों की हड्डियों को भी प्रभावित करता है डीआर सिंड्रोम



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*डीआर सिंड्रोम जिसे दुआन रेडियल रे सिंड्रोम के नाम से भी जाना जाता है एक डिसऑर्डर है जो आंखों को प्रभावित करता है। आंखों के साथ साथ यह सिंड्रोम हाथ और पैरों की हड्डियों को भी प्रभावित करता है। इस स्थिति में आंखों की गतिविधि में एक समस्या आ जाती है जिसे दुआन इनोमेली कहा जाता है। जो नर्व आंखों की गतिविधि को कंट्रोल करती हैं अगर उनमें ही किसी तरह की कोई असमान्यता हो जाती है तो यह सिंड्रोम देखने को मिलता है। इस स्थिति के कारण आंखों से बाहर की ओर यानि कान की ओर नहीं देखा जाता है। कुछ केसों में तो आंख की मूवमेंट ही काफी सीमित हो जाती है। जैसे ही आँखें अंदर की ओर देखने की कोशिश करती हैं तो आंखों की ओपनिंग संकीर्ण होती हुई दिख सकती है। आई बॉल भी पीछे की ओर जाती हुई दिख सकती है। इसके अधिकतर केसों में केवल एक ही आंख प्रभावित होती है और आपको दूसरी आंख से सब कुछ सही नजर आता है। आइए जान लेते है इस स्थिति के बारे में।*

**यह सिंड्रोम कितना आम है?**
यह सिंड्रोम ज्यादा लोगों में देखने को नहीं मिलता है। इसे दुर्लभ सिंड्रोम की श्रेणी में रखना गलत नहीं होगा। 4 से 5 प्रतिशत लोगों में ही यह सिंड्रोम देखने को मिलता है। वैसे तो यह सिंड्रोम किसी को भी हो सकता है लेकिन महिलाओं को इसके होने का रिस्क पुरुषों के मुकाबले ज्यादा होता है।

**लक्षण**




आंखों की गतिविधि का सीमित हो जाना। एक साइड देखते समय काफी कठिनाई होना और आपकी आँखें जब आप किसी एक साइड देख रहे हैं तो काफी छोटी हो जाना। सिर की पोजीशन का काफी ज्यादा असामान्य हो जाना। जो एक आंख प्रभावित होती है उसमें से दूसरी के मुकाबले कम दिखाई देना। जब आप किसी ओर देख रहे हैं तो आंखों को ऊपर हो जाना या नीचे हो जाना।

**कारण**
यह डिसऑर्डर आम तौर पर जेनेटिक होता है लेकिन यह इन्हेरिट नहीं होता है। जब आपकी क्रेनियल नर्व में किसी तरह की कोई समस्या आती है तो उस स्थिति में आपको यह सिंड्रोम देखने को मिल सकता है। केवल 10 प्रतिशत केस ही ऐसे मिलते हैं जिसमें जिन लोगों को यह सिंड्रोम होता है उनके परिवार में भी किसी अन्य व्यक्ति को यह सिंड्रोम हो पाता है। अगर इस सिंड्रोम का परिवारिक इतिहास होता है तो यह एक की बजाए दोनों आंखों को प्रभावित कर सकता है। यह सिंड्रोम ऑटोसोमल डॉमिनेट पैटर्न का पालन करता है।

**क्या यह सिंड्रोम संक्रामक है?**
जी नहीं, यह सिंड्रोम बिल्कुल भी संक्रामक नहीं है। इसका अर्थ है की अगर आप इसके किसी मरीज के नजदीक संपर्क में जायेंगे या उनके किसी फ्ल्यूड के संपर्क में आ जाते हैं तो आपको यह सिंड्रोम नहीं होता है।

**इलाज**
इसका इलाज मरीज की उम्र, गंभीरता और स्थिति पर निर्भर करता है। कुछ लोगों को तो इसके इलाज की भी जरूरत नहीं होती है बस समय समय डॉक्टर को इसके बारे में बताते रहें और फॉलो अप लेते रहें ताकि ज्यादा समस्या न बढ़ सके। कुछ लोगों को आंखों में पैच लगाने की जरूरत पड़ सकती है ताकि दूसरी आंख के समान ही उनकी आंख काम कर सके। अगर किसी व्यक्ति को इस की गंभीर फॉर्म का सामना करना पड़ रहा है तो आपके डॉक्टर आपकी आंखों की मसल्स की सर्जरी भी कर सकते हैं।



## 1 काम करते ही साफ होगी शरीर के अंदर जमी गंदगी

अगर आप इस गंदगी को जल्दी बाहर निकालना चाहते हैं और अपने दो प्यारे अंगों को हेल्दी रखना चाहते हैं तो शरीर से यह गंदगी बाहर निकाल दें। 99ः लोगों को नहीं पता इसके लिए एक आयुर्वेदिक नुस्खा बड़ा काम आ सकता है। यह शरीर का कोना-कोना साफ कर देगा और लिवर-किडनी को खराब होने से बचा लेगा। यह नुस्खा शरीर के अंदर 24 घंटे में अपना काम शुरू कर देगा।
2 गिलास पानी में उबालें 5 चीजें जैसे एक इंच अदरक का टुकड़ा, 2 छोटे-छोटे दालचीनी के टुकड़े, 2 छोटी इलायची, 1 छोटी चम्मच जीरा और 1 छोटी चम्मच अजवाइन। धीमी आंच पर इस पानी को इतना पका लें कि आधा हो जाए। डॉ. निशांत गुप्ता के मुताबिक इस ड्रिंक को सुबह-शाम पीते हैं तो बॉडी डिटॉक्स होगी।
अगर आपके लिवर या किडनी में गंदगी जम चुकी है तो यह ड्रिंक उसे भी ठीक करने में मदद करती है। फैटी लिवर के मरीजों के लिए भी यह हेल्दी है और किडनी की आम दिक्कतों में काफी जल्दी आराम दिला सकता है।
खाना-पीना अनहेल्दी हो गया है और शारीरिक सक्रियता घट गई है। इसकी वजह से अपच या ज्यादा गैस बनना काफी आम हो गया है। हर दूसरा व्यक्ति पेट की किसी न किसी समस्या से परेशान है। अगर आप भी इन्हीं लोगों में से एक हैं तो भी यह ड्रिंक आपके काम आ सकती है।
यह डिटॉक्स ड्रिंक यूरिक एसिड लेवल को कंट्रोल करने में मदद करती है।

## नसों की कमजोरी के कारण होती है पलकों के गिरने की समस्या

ड्रूपी आईलिड जिसे अक्सर पीटोसिस भी कहा जाता है, एक ऐसी स्थिति होती है जिसमें आपकी ऊपरी पलकें गिरने लगती हैं। इससे आपको अच्छे से देखने में समस्या हो सकती है और कुछ अन्य समस्या भी आ सकती है। यह स्थिति जन्म से भी हो सकती है और बाद में भी देखने को मिल सकती है। इसके इलाज के ऑप्शन भी उपलब्ध होते हैं। अगर यह स्थिति आपके प्रतिदिन के जीवन को प्रभावित कर रही है तो आप को किसी आंखों के डॉक्टर से मिलना चाहिए। इसका इलाज स्थिति की गंभीरता पर निर्भर करता है। अगर आपको इसके कारण कोई तकलीफ नहीं हो रही है तो इसका इलाज करवाने की भी कोई जरूरत नहीं होती है। अगर स्थिति ज्यादा गंभीर हो जाती है तो सर्जरी करने तक की नौबत आ सकती है। अगर आपके डॉक्टर को सर्जरी करने की नौबत महसूस नहीं होती है तो वह आप को किसी तरह की आई ड्रॉप भी दे सकते हैं ताकि आपको इससे ही आराम मिल सके। हालांकि हर प्रकार में आई ड्रॉप काम नहीं करती हैं इसलिए अगर आपको आई ड्रॉप से फर्क महसूस नहीं होता है तो डॉक्टर के पास जरूर जाएं।

## खांसी, पेशाब के रोग-शुगर जैसी 15 बीमारियों की एक दवा है शमी का पौधा



औषधीय लाभों के अलावा, शमी का पेड़ हिंदू पौराणिक कथाओं में एक विशेष स्थान रखता है। ऐसा माना जाता है कि भगवान राम ने माता सीता को बचाने के लिए अपनी यात्रा से पहले शमी की पूजा की थी। शमी शक्ति, सहनशक्ति और विपरीत परिस्थितियों पर विजय का प्रतीक है। चलिए जानते हैं कि शमी के पौधे के क्या-क्या लाभ हैं। शमी के पत्तों और छाल का उपयोग पाचन समस्याओं को ठीक करने के लिए किया जाता है। यह पेट की गैस, अपच और अन्य समस्याओं में मदद करता है। इसकी कोमल पत्तियों का काढ़ा दस्त और पेचिश को तेजी से ठीक कर सकता है। शमी के पौधे के बीजों में एंटी डायबिटिक गुण होते हैं। यही वजह है कि यह ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मदद कर सकते हैं। इसका सेवन डायबिटीज रोगियों के लिए लाभकारी हो सकता है। शमी के पेड़ की छाल का काढ़ा पीने से गले की खराश, मुंह के छालों और दांत दर्द से राहत मिल सकती है। इसके लिए इसकी छाल को पाने में उबालकर सुबह खाली पेट लेने से आराम मिल सकता है। शमी के पत्तों और छाल का पेस्ट घावों, सूजन और जलन में लगाने से आराम मिलता है। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो चोटों और सूजन को ठीक करने में सहायक हैं।



संजू सैमसन ने बताई अपनी खूशी

मैच के बाद संजू सैसमन ने अपनी बेहतरीन पारी को लेकर खुशी जाहिर की। संजू सैमसन ने कहा कि उन्हें कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बहुत आत्मविश्वास दिया। संजू ने बताया कि दलीप ट्रॉफी के दौरान सूर्या ने उन्हें अगले सात टी20 मैच में ओपनिंग कराने की बात कही थी। संजू ने बताया कि इससे उन्हें बहुत आत्मविश्वास मिला और खुलकर खेलने की आजादी भी मिली।

## कुछ भी हो जाए तू ही ओपनिंग करेगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 में शतक जड़कर इतिहास रचने वाले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। शतकवीर संजू सैमसन ने कहा कि दलीप ट्रॉफी के दौरान ही उन्हें पता चल गया था कि वह अगले 7 टी20 मैच में ओपनिंग करने वाले हैं। संजू ने कहा कि इस भरोसे ने उन्हें बहुत आत्मविश्वास दिया। संजू सैमसन की शानदार 107 रनों की पारी की बदौलत भारत ने साउथ अफ्रीका को 61 रनों के बड़े अंतर से मात दी। टॉस जीतने के बाद ऐडन मार्करम ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था और सूर्यकुमार यादव एंड कंपनी ने बेहतरीन बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए 8 विकेट के नुकसान पर 202 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया, जिसके जवाब में मेजबान टीम सिर्फ 141 रन ही बना पाई। चक्रवर्ती और बिश्नोई ने तीन–तीन विकेट लिए। संजू सैमसन ने बांग्लादेश के खिलाफ खेली गई सीरीज के अंतिम टी20 मैच में एक बेहतरीन शतक जड़ा था और उस लय को वे साउथ अफ्रीका तक लेकर जाने में सफल रहे। संजू ने शतक जड़ते ही इतिहास रच दिया। वह पहले भारतीय खिलाड़ी बने, जिसने दो टी20 मैच में बैक टू बैक सेंचुरी जड़ी है।

# अगर ऑस्ट्रेलिया में भी हारे तो दो कोच प्रणाली अपना सकता है बोर्ड

**क्रिकेट**

### न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में पहली क्लीन स्वीप के बाद हुई समीक्षा बैठक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड से घर पर पहली बार मिली 0–3 की हार के बाद अब अगर भारतीय टीम 22 नवंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी में भी बुरी तरह हारती है तो भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) लाल और सफेद गेंद के प्रारूप में अलग–अलग कोच रखने की रणनीति अपना सकता है।

इस साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुए टी20 वर्ल्ड कप में जीत दर्ज करने के बाद कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल खत्म हो गया था जिसके बाद बीसीसीआई ने गंभीर को कोच बनाया था। अब बोर्ड सीधे तो अपना निर्णय बदलकर गंभीर को कोचिंग से नहीं हटा सकता तो उसके पास दो (एक सफेद गेंद, एक लाल गेंद) कोच का विकल्प है। मुख्य कोच



गौतम गंभीर के साथ भारतीय टीम 10 नवंबर को ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होगी, जबकि वीवीएस लक्ष्मण की कोचिंग में भारतीय टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी–20 सीरीज खेल रही है।

बीसीसीआई सूत्रों के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अगर सकारात्मक परिणाम नहीं निकलते हैं तो लक्ष्मण को टेस्ट टीम का कोच बनाया जा सकता है, जबकि गौतम गंभीर को वनडे और टी–20 टीम की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। अभी उल्टा हो रहा है। समय–समय पर आराम के नाम पर पहले द्रविड़ और अब गंभीर की जगह एनसीए प्रमुख लक्ष्मण टी–20 टीम के साथ कोच बनकर जाते हैं। बीसीसीआई ने न्यूजीलैंड से मिली शर्मनाक हार की विस्तृत समीक्षा की है। इसमें मुंबई टेस्ट के लिए रैंक टर्नर (स्पिनरों के अनुकूल पिच) का चयन, जसप्रीत बुमराह को विश्राम देना और गंभीर की कोचिंग शैली पर चर्चा की गई। सूत्रों के अनुसार, समीक्षा बैठक के दौरान कप्तान रोहित शर्मा, चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर और मुख्य कोच गंभीर के साथ बीसीसीआई सचिव जय शाह और अध्यक्ष रोजर बिन्नी भी मौजूद थे। गंभीर बैठक में ऑनलाइन जुड़े।

गंभीर की कोचिंग शैली के बारे में भी चर्चा हुई जो उनके पूर्ववर्ती राहुल द्रविड़ से बहुत अलग है और टीम इसे कैसे अपना रही है। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जा रही है और बीसीसीआई यह सुनिश्चित करना चाहेगा कि टीम वापस पटरी पर लौट आए।

## पाकिस्तान के बल्लेबाज ने स्टार्क की गेंद पर जड़ा छक्का

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के ओपनर सैम अय्यूब ने ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की गेंद पर पिक शॉट के जरिये छक्का जड़कर भारत के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह की यादें ताजा कर दी। पाकिस्तान ने एडिलेड में खेले गए दूसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया को 163 रन पर ऑलआउट कर दिया। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हैरिस रउफ ने कहर बरपाती गेंदबाजी करके पांच कंगारू बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया। इसके बाद सैम अय्यूब (82) और अब्दुल्लाह शफीक (64') की शानदार पारियों के दम पर पाकिस्तान ने 26.3 ओवर में एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया। इस जीत के साथ ही पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 1–1 की बराबरी की। दोनों टीमों के बीच सीरीज का तीसरा व अंतिम मुकाबला पर्थ में रविवार को खेला जाएगा।

# ऑस्ट्रेलिया में औंधे मुंह गिरी भारतीय ए टीम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया ए ने दो मैच की अनाधिकारिक टेस्ट सीरीज में भारत ए पर क्लीन स्वीप कर दिया। दूसरे टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया ए ने भारत ए को 6 विकेट हराया। 19 साल के सैम कोंस्टास (128 गेंद पर नाबाद 73 रन) ने भारत ए को छह विकेट से हराने में मदद करने के लिए एक बेहतरीन अर्धशतक बनाया। कोंस्टास की पारी ने उनकी टीम को दो मैचों की सीरीज 2–0 से जीतने में भी मदद की।

मैच की बात करें तो भारत ए ने 168 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया और शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया ए को बैकफुट पर धकेल दिया। प्रसिद्ध कृष्णा ने अपने पहले ओवर में लगातार गेंद पर मार्कस हैरिस

■सीरीज में 2–0 से मेजबान देश ने किया क्लीन स्वीप

और कैमरन बैनक्रॉफ्ट को आउट कर दिया। शुरुआती झटकों के बाद कोंस्टास और नाथन मैकस्वीनी ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 46 रन जोड़े और पारी को संभाला।

मुकेश कुमार ने मैकस्वीनी (69 गेंद पर 25 रन) और तनुश कोटियन ने ओलिवर डेविस (22 गेंद पर 21 रन) को आउट करके भारत को मैच में बनाए रखने की पूरी कोशिश की। हालांकि, इस कोशिश पर कोंस्टास और ब्यू वेबस्टर ने पानी फेर दिया।

कोंस्टास की नाबाद अर्धशतकीय पारी और वेबस्टर के नाबाद 46 रन की बदौलत दूसरे अनाधिकारिक टेस्ट मैच में जीत दर्ज की। प्रसिद्ध कृष्णा ने 2 विकेट लिए। मुकेश कुमार और तनुश कोटियन को 1–1 विकेट मिला। इससे पहले इंडिया–ए दूसरी पारी में 229 पर ऑल आउट हो गई थी और 167 रन की बढ़त मिली। ध्रुव जुरेल 68 और नितीश रेड्डी 38 रन बनाकर आउट हुए।

तनुश कोटियान ने 44 और प्रसिद्ध कृष्णा ने 29 रन बनाए। अभिमन्यु ईश्वरन 17, केएल राहुल 10, साई सुदर्शन 3, ऋतुराज गायकवाड़ 11 और देवदत्त पडिक्कल 1 रन बनाकर आउट हुए। ब्यू वेबस्टर ने 3 विकेट लिए। नाथन मैकएंड्रू ने 2 विकेट लिए कोरी रॉकिचोली ने 4 विकेट लिए। नाथन मैकस्वीनी को 1 विकेट मिला।

## न्यूज डायरी



### हरमनप्रीत सिंह ने जीता दुनिया के बेस्ट हॉकी खिलाड़ी का अवॉर्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लुसाने। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और दिग्गज पीआर श्रीजेश ने वर्ष 2024 के लिए क्रमशः एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर और गोलकीपर ऑफ द ईयर पुरस्कार हासिल किया है। हरमनप्रीत और श्रीजेश दोनों को कल रात ओमान में 49वीं एफआईएच कांग्रेस के दौरान यह सम्मान मिला। हरमनप्रीत ने शीर्ष पुरस्कार हासिल करने के लिए नीदरलैंड के जोएप डी मोल और थियरी ब्रिंकमैन, जर्मनी के हेंस मुलर और इंग्लैंड के जैक वालेस को पीछे छोड़ा। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेरिस ओलंपिक में सर्वाधिक 10 गोल किए थे। उन्होंने क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में गोल करने के अलावा स्पेन के खिलाफ कांस्य पदक के मैच में भारत की तरफ से दोनों गोल किए। भारत ने यह मैच 2–1 से जीतकर ओलंपिक में लगातार दूसरी बार पोडियम स्थान हासिल किया। पेरिस ओलंपिक के बाद खेल से संन्यास लेने वाले श्रीजेश ने गोलकीपर वर्ग में शीर्ष पुरस्कार हासिल करने की दौड़ में नीदरलैंड के पिरमिन ब्लैक, स्पेन के लुइस कैलजाडो, जर्मनी के जीन पॉल डेनेबर्ग और अर्जेंटीना के टॉमस सैंटियागो को पीछे छोड़ा। हरमनप्रीत ने इससे पहले 2020–21 और 2021–22 में भी एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता था लेकिन तीसरा सम्मान इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसे उन्होंने ओलंपिक पदक जीतने के बाद हासिल किया है। कप्तान के रूप में यह उनका पहला सम्मान है।

### भारतीय खिलाड़ियों ने दोबार गाया नेशनल एंथम, बंद हो गए साउंड सिस्टम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया इस वक्त साउथ अफ्रीका दौरे पर है। पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत ने पहले मुकाबले में मेजबान देश को धूल चटाई। डरबन में टॉस जीतकर साउथ अफ्रीका के कप्तान ऐडन मार्करम ने भारत को पहले बल्लेबाजी करने के लिए कहा। मैच शुरू होने से पहले हमेशा की तरह दोनों देशों के खिलाड़ी नेशनल एंथम के लिए फील्ड पर आए तो एक अजीब घटना घटी। साउथ अफ्रीका और भारत के बीच पहला टी20 मैच डरबन में खेला गया। भारत ने साउथ अफ्रीका को 61 रन से हरा दिया। हालांकि, मैच शुरू होने से पहले एक अजीब घटना घटी। नेशनल एंथम के दौरान कुछ तकनीकी गड़बड़ी की वजह से भारतीय खिलाड़ियों को दो बार राष्ट्रगान गाना पड़ा। भारतीय नेशनल एंथम के दौरान कुछ तकनीकी गड़बड़ी के कारण दो बार हुआ। इस दौरान भारतीय खिलाड़ी कन्फ्यूज्ड नजर आए और उन्होंने दो बार राष्ट्रगान गाया। वीडियो में भारतीय खिलाड़ी दो बार नेशनल एंथम गाते हुए नजर आए। पहली बार राष्ट्रगान गाने के दौरान स्टेडियम में मौजूद साउंड सिस्टम में कुछ तकनीकी गड़बड़ी आई, जिसके कारण दोबारा नेशनल एंथम शुरू हुआ। राष्ट्रगान के बीच में ही बंद होने पर हार्दिक पांड्या और तिलक वर्मा सहित कुछ खिलाड़ी हैरान रह गए, जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव और अक्षर पटेल इस घटना पर मुस्कुराते हुए नजर आए।

### मैदान पर मार्को यानसेन और कप्तान सूर्या के बीच बहस हुई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** डरबन। यूं ही नहीं कहते हैं खिसियानी बिल्ली खंबा नोचे... अब साउथ अफ्रीका के मार्को यानसेन और गेराल्ड कोएट्जी को ही ले लीजिए। जब उनकी टीम हारते दिखी तो यानसेन ने मैदान पर अजीब–अजीब हरकत करनी शुरू कर दी। संजू सैमसन ने कप्तान सूर्यकुमार यादव से शिकायत की तो यानसेन गुस्से में आ गए। इसके बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मोर्चा संभालते हुए यानसेन का दिमाग ठिकाने लगाने में देरी नहीं की। इस मैच में भारतीय टीम ने 61 रनों से जीत दर्ज की। दरअसल, यह सब कुछ 15वें ओवर की तीसरी गेंद फेंकने से पहले हुआ। संजू सैमसन गेंद को कलेक्ट कर रहे थे तो संभवतरू मार्को यानसेन लगातार बीच में आ रहे थे। इस बात से संजू सैमसन और सूर्यकुमार यादव नाराज दिखे। संजू ने कप्तान सूर्या से कुछ कहा इस पर उन्होंने मैदान अंपायर लुबाबालो गकुमा और स्टीफन हैरिस के सामने अपनी बात रखी। यह बात शायद मार्को यानसेन को कुछ खास पसंद नहीं आई। बातचीत के दौरान चेहरे के हावभाव से पता चल रहा था कि सूर्या खुश नहीं हैं। खैर, कुछ बातचीत के बाद मामला शांत हो गया। संजू सैमसन की 107 रनों की तूफानी पारी की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट पर 202 रन बनाए।

उत्तराखंड राज्य आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए सीएम धामी व अन्य।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### मूल निवास और भू कानून को लेकर उठाई आवाज

**संवाददाता** देहरादून। राज्य स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर शनिवार को उत्तराखंड आन्दोलनकारी संयुक्त परिषद के बैनर तले विभिन्न संगठनों ने परेड ग्राउंड से कचहरी तक जुलूस निकाला। इस दौरान वक्ताओं ने मूल निवास और भू कानून की मांग को प्रमुखता से उठाया। उत्तराखंड आन्दोलनकारी संयुक्त परिषद के आह्वान पर आयूपी, सीपीआईएम, यूकेडी, जनवादी महिला समिति, महिला मंच, चिन्हीकरण राज्य आन्दोलनकारी समिति, वरिष्ठ राज्य आन्दोलनकारी नेताजी संघर्ष समिति, सीटू, पीपुल्स फोरम उत्तराखंड, एसएफआई, एआईएलयू आदि संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता परेड ग्राउंड में एकत्रित हुए।

### स्पोर्ट्स कॉलेज देहरादून बना स्टेट फुटबॉल चैंपियन

**संवाददाता** देहरादून। खेल विभाग की ओर से राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित अंडर–19 राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज रायपुर देहरादून चौंपियन बना। पवेलियन ग्राउंड देहरादून में शनिवार को सेमीफाइनल और फाइनल के मुकाबले खेले गए। पहला सेमीफाइनल महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज और पिथौरागढ़ के बीच खेला गया। इसमें स्पोर्ट्स कॉलेज ने 02–0 के अंतर से जीत दर्ज की। स्पोर्ट्स कॉलेज की ओर से विवेक और दक्षित ने एक–एक गोल किया। दूसरे सेमीफाइनल में पिथौरागढ़ ने स्पोर्ट्स हॉस्टल देहरादून को 01–0 के अंतर से हराया। वहीं, फाइनल में स्पोर्ट्स कॉलेज दून ने पिथौरागढ़ 1–0 के अंतर से शिकस्त दी।

### सामूहिक लोकगीत में सहसपुर अव्वल

**संवाददाता** देहरादून। युवा कल्याण विभाग की ओर से आयोजित जिला स्तरीय युवा महोत्सव की सामूहिक लोकगीत प्रतियोगिता में सहसपुर विकासखंड प्रथम, रायपुर द्वितीय, विकासनगर तीसरा स्थान पर रहा। हरिद्वार रोड स्थित संस्कृति विभाग के ऑडिटोरियम में शनिवार को मुख्य अतिथि रायपुर विधायक उमेश शर्मा काऊ ने महोत्सव का शुभारंभ किया।

### एमजी विंडसर बनी भारत में सबसे अधिक बिकने वाली इलेक्ट्रिक कार

**संवाददाता** देहरादून। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने हाल ही में लॉन्च की गई भारत की पहली इंटेलिजेंट सीयूवी, एमजी विंडसर की अक्टूबर 2024 में जबरदस्त बिक्री दर्ज की है। कंपनी ने अक्टूबर में सीयूवी की 3116 यूनिट्स बेची हैं। जो अक्टूबर में कुल पैसेंजर इलेक्ट्रिक कार बिक्री का लगभग 30 प्रतिशत है। कंपनी ने अक्टूबर 2024 में 7045 यूनिट्स की बिक्री के साथ सालाना आधार पर 31 प्रतिशत की ग्रोथ दर्ज की है।

# वर्ष 2030 तक 50 से अधिक आबादी वाले गांवों में पहुंचेगी सड़क

**घोषणाएं**

■ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने की कई अहम घोषणाएं

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य में 50 एवं उससे अधिक जनसंख्या वाले सभी गाँवों को 2030 तक सड़क मार्ग से जोड़ा जाएगा। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की प्रभावी रोकथाम के लिए विभिन्न विभागों को साथ लेकर एक समग्र नीति बनायी जायेगी।

शनिवार को पुलिस लाइन में आयोजित राज्य स्थापना दिवस पर कार्यक्रम में संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कई अहम घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में आपदा के कारण मार्ग एवं पुलों के बह जाने की दशा में यातायात को तुरंत सुचारू करने के लिए वैलीब्रिज स्थापित किए जाएंगे। उत्तराखण्ड राज्य में महिलाओं का समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए महिला नीति को यथाशीघ्र अधिसूचित किए जाने के साथ ही युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए एक विशिष्ट ''युवा नीति'' भी बनाई जाएगी। इसी तरह आगामी राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखण्ड के जो खिलाड़ी मेडल जीतेंगे, उनकों पुरस्कार हेतु नियत धनराशि के बराबर की धनराशि राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त रूप से प्रदान की जाएगी।



मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड से बाहर देश के दूसरे राज्यों में रहने वाले प्रवासियों के लिए प्रतिवर्ष नवंबर माह में ''राष्ट्रीय उत्तराखंडी प्रवासी दिवस'' आयोजित किया जायेगा, इसी तरह प्रतिवर्ष जनवरी माह में विदेशों में रहने वाले प्रवासी उत्तराखण्डियों के लिए ''अन्तराष्ट्रीय उत्तराखण्डी प्रवासी दिवस''का आयोजन किया जाएगा। सड़कों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कान्ट्रैक्टर एवं अभियन्ताओं का उत्तरदायित्व निर्धारित करने के लिए विशेष प्रक्रिया बनाई जायेगी। महिलाओं को प्रसव के दौरान जच्चा–बच्चा की देखभाल हेतु ''मुख्यमंत्री जच्चा–बच्चा प्रोत्साहन सहायता'' प्रदान करने के लिए कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन की शुरुआत राज्य स्थापना दिवस शुभकामनाएं देने के साथ ही गत दिनों अल्मोड़ा जिले में हुई बस दुर्घटना में दिवंगत लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ की। मुख्यमंत्री ने पूर्व स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को भी याद करते हुए कहा कि अटल जी के प्रधानमंत्रित्व काल में ही उत्तराखण्ड राज्य की स्थापना का सपना साकार हुआ। और अब उत्तराखण्ड राज्य आज प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का एक अग्रणी राज्य बनने की ओर अग्रसर है। मोदी जी के मार्गदर्शन के चलते सभी क्षेत्रों में उत्तराखण्ड का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हो रहा है। शहर से लेकर सुदूर पर्वतीय गांवों तक सड़कों का निर्माण किया जा रहा है, विभिन्न जनपदों के लिए हेली सेवाएँ प्रारंभ करने के साथ ही विभिन्न एयरपोर्ट्स और हेलीपोर्टस को विकसित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आज से प्रारंभ होने जा रहा राज्य स्थापना का रजत जयंती वर्ष उत्तराखण्ड को देश का अग्रणी राज्य बनाने की दृष्टि से ऐतिहासिक वर्ष साबित होने जा रहा है। सरकार उत्तराखण्ड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने के अपने ''विकल्प रहित संकल्प'' के मूल मंत्र के साथ निरंतर कार्य करती रहेगी।

### कई कठोर एवं ऐतिहासिक निर्णय भी लिए

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार ने उत्तराखण्ड का विकास सुनिश्चित करने के साथ ही प्रदेश के हित में कई कठोर एवं ऐतिहासिक निर्णय भी लिए हैं। इसी क्रम में यूसीसी का कानून पास किया गया, साथ ही देश का सबसे कड़ा नकल विरोधी कानून और धर्मांतरण रोधी कानून के साथ ही दंगा रोधी कानून लागू किया जा चुका है।

# उत्तराखंड राज्य रजत जयंती वर्ष में कर रहा प्रवेश: सीएम

**राज्य स्थापना दिवस**

■ ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण (भराड़ीसैंण) में सादगी से मनाया गया राज्य स्थापना दिवस

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर विधानसभा परिसर भराड़ीसैंण, गैरसैंण ( चमोली ) में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों को उत्तराखण्ड राज्य निर्माण के 24 वर्ष पूर्ण होने और रजत जयंती वर्ष के शुभारंभ अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

विधानसभा परिसर भराडीसैंण में राज्य स्थापना दिवस पर पुलिस एवं एनसीसी जवानों द्वारा विधानसभा परिसर में सेरेमोनियल परेड का आयोजन किया गया। उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा बहुउद्देशीय शिविर लगाकर विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी के लिए स्टॉल लगाए गए। जिसमें विकास मुखी एवं कल्याणकारी योजनाओं को प्रदर्शित किया गया। मुख्यमंत्री ने विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 47 राज्य आंदोलनकारियों को पुष्प माला व शाल भेंट कर सम्मानित भी किया।



मुख्यमंत्री ने देश के लिये सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों एवं राज्य निर्माण के सभी अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभी राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए सम्मानित किया। उन्होंने उत्तराखण्ड की मजबूत नींव रखने वाले पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेई को भी राज्य की जनता की ओर से नमन किया।

रजत जयंती के अवसर मुख्यमंत्री ने विधानसभा परिसर भराडीसैंण से सिमली में महिला बेस अस्पताल को पूर्ण बेस अस्पताल बनाने और रा.इ.का आगरचट्टी में विज्ञान वर्ग शुरू करने की घोषणा भी की। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड राज्य रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इन 24 सालों में जनता के सहयोग से हर क्षेत्र में राज्य तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### सीएम ने उत्तराखंड राज्य आंदोलन के शहीदों को दीं श्रद्धांजलि

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर कचहरी देहरादून में शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर उत्तराखंड राज्य आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तराखंड राज्य रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर गया है। हमारे राज्य आंदोलनकारियों द्वारा राज्य निर्माण के लिए किए गए संघार्षों के परिणामस्वरूप ही उत्तराखण्ड राज्य का गठन हुआ। मुख्यमंत्री ने पूर्व पीएम स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी का भी इस अवसर पर स्मरण किया जिन्होंने उत्तराखंड राज्य की नींव रखी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के सपनों के अनुरूप राज्य को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने के लिए राज्य सरकार द्वारा निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। पीएम मोदी के मार्गदर्शन में इस दशक को उत्तराखंड का दशक बनाने के लिए हर क्षेत्र में तेजी से कार्य हो रहे हैं। राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और विधायक खजान दास भी उपस्थित थे।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।